# कार्यालय वन वृत्त शहडोल-484001 (मध्यप्रदेश)

**PHONE - 245361 FAX - 240189 E_MAIL- ccf.sdl@mp.gov.in**


क्रमांक/मानचित्रकार/2023/ 2743 शहडोल, दिनांक: 05/06/2023

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(भू–प्रबंध),
सतपुड़ा भवन, म0प्र0 भोपाल

विषय :– **अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ ब्लाक अंतर्गत कपिलधारा डेम निर्माण हेतु 3.418 हेक्टेयर वन भूमि नगर परिषद अमरकंटक को उपयोग पर देने बावत्**
(Proposal/N.-FP/MP/WATER/50101/20)

संदर्भ :– **वनमंडलाधिकारी, वनमंडल अनूपपुर का पत्र क्रमांक/माचि/2023/765 दिनांक 31.05.2023.**

–☆☆☆–

विषयांतर्गत निवेदन है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद अमरकंटक द्वारा अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ ब्लाक अंतर्गत कपिल धारा डेम निर्माण हेतु 3.418 हेक्टेयर वन भूमि व्यपवर्तन का प्रस्ताव वनमंडलाधिकारी अनूपपुर का प्रस्तुत किया गया था। प्रस्तावित बांध निर्माण में 14 हे. वन भूमि डिण्डौरी वनमंडल तथा 3.418 हे. वनभूमि अनूपपुर वनमंडल कुल 17.418 हे. वनभूमि प्रस्तावित की गई है।

वनमंडलाधिकारी अनूपपुर द्वारा भाग–2 की कार्यवाही पूर्ण कर 3.418 हेक्टेयर वन भूमि व्यपवर्तन का प्रस्ताव ऑनलाईन एवं हार्ड कॉपी में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण के भाग–03 की कार्यवाही पूर्ण कर आगामी कार्यवाही हेतु ऑनलाईन एवं हार्डकॉपी 03 प्रतियों में संलग्न सम्प्रेषित है।

**संलग्न – उपरोक्तानुसार।**

(एल0एल0 उइके)
मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म0प्र0)

पृष्ठा. क्रमांक/मानचित्रकार/2023/ 2744 शहडोल, दिनांक 05/06/2023

प्रतिलिपि –

1. वनमंडलाधिकारी वनमंडल अनूपपुर को सूचनार्थ अग्रेषित।
2. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद अमरकंटक, जिला अनूपपुर की ओर सूचनार्थ।

मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म0प्र0)

## भाग–III

### संबंधित मुख्य वन संरक्षक द्वारा भरा जाना है

| | | |
|---|---|---|
| 14 | स्थल जहॉं की वनभूमि शामिल की गई है क्या इसका संबंधित वन संरक्षक ने निरीक्षण किया है (हॉं/नही) यदि हॉं तो निरीक्षण की तारीख और किये गये प्रेक्षणों को, निरीक्षण नोट के रूप में संलग्न करें। | नहीं। |
| 15 | क्या वन संरक्षक उप वन संरक्षक के अभिमत से सहमत हैं। यदि नहीं तो उसका कारण दें। | सहमत। |
| 16 | प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के बारे में विस्तृत कारणों के साथ अभिमत। | मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद अमरकंटक द्वारा वनमंडल अनूपपुर के वन परिक्षेत्र अमरकंटक के अंतर्गत 3.418 हे. वनभूमि में कपिल धारा डेम निर्माण हेतु प्रस्तावित की गई है। प्रस्तावित कपिलधारा बांध निर्माण से वन्यप्राणियों को पेय जल एवं परियोजना से लगे ग्रामीणों को पेय जल की आपूर्ति होगी। प्रस्तावित वन भूमि की आवश्यकता परियोजना के लिये अपरिहार्य एवं न्यूनतम है। वनमंडलाधिकारी अनूपपुर द्वारा प्रस्तावित बांध निर्माण कार्य के लिये अनुशंसा की है। यह कार्यालय भी सहमत है। |

दिनांक – 05 /06/2023

स्थान – शहडोल

मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म0प्र0)